ट्रस्ट के अध्यक्ष या उनकी अनुपस्थिति में कार्यपालक न्यासी कठिनाई को कम करने के उद्देश्य से या योजना के सहज परिचालन के लिए योजना का कोई भी प्रावधान शिथिल, परिवर्तित

या संशोधित कर सकते हैं; यदि कोई यूनिटधारक या यूनिट-धारकों के वर्ग के लिए यह उचित समझा जाता है।

प्रतीक

भारतीय यूनिट ट्रस्ट

(भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम 1963 के अन्तर्गत निगमित)
राजलक्ष्मी यूनिट योजना 1992 (आरयूएस 1992)
(खण्ड VI)

यूनिट प्रमाण पत्र सं० यूनिटों की सं०

यह प्रमाणित किया जाता है कि इस प्रमाण पत्र में नामांकित व्यक्ति निम्नलिखित यूनिटों के पंजीकृत धारक हैं।

भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम, 1963 (1963 का 52) के प्रावधानों, उनके अन्तर्गत बनाये गये विनियमों और राजलक्ष्मी यूनिट योजना, 1992 (आर यू एस 1992) की शर्तों के अधीन प्रत्येक यूनिट का अंकित मूल्य दस रुपये है।

नाम :—

कृते भारतीय यूनिट ट्रस्ट

दिनांक : अध्यक्ष न्यासी

राजलक्ष्मी यूनिट योजना 1992 (आरयूएस 1992)
के अन्तर्गत यूनिटों की पुनर्खरीद के लिए आवेदन पत्र

दिनांक ——————

भारतीय यूनिट ट्रस्ट,

मैं ——————————————————

——————————————————

——————————————————

भारतीय यूनिट ट्रस्ट की राजलक्ष्मी यूनिट योजना, 1992 (आरयूएस 1992) की ——————यूनिटों का पंजीकृत धारक हूं। मैं——————————

——————————————————

ट्रस्ट को उक्त——————यूनिटें बेचने का इच्छुक हूं और प्रस्ताव करता हूं कि भारतीय यूनिट ट्रस्ट सममूल्य पर/ट्रस्ट द्वारा निर्धारित/चालू मूल्य पर पुनर्खरीद मूल्य पर इस आवेदन पत्र से सम्बन्धित यूनिटों की खरीद करें। यूनिटों का मूल्य मुझे नगद/चेक/बैंक ड्राफ्ट द्वारा मेरे खर्चे पर भुगतान किया जाए।

साक्षी का हस्ताक्षर धारक का हस्ताक्षर

नाम : ——————

पेशा : ——————

पता : ——————

——————

——————

——————

साक्षी का हस्ताक्षर

नाम : ——————

पेशा : ——————

पता : ——————

——————

——————

——————

कार्यालय के प्रयोग के लिए स्वीकृति तिथि

*जो लागू नहीं हो, उसे काट दें।

सं० यूटी/डीबीडीएम/2044ए/एसपीडी 61/92-93—यूनिट योजना, 1992 (यूएस-92) के प्रावधान, जो भारतीय यूनिट ट्रस्ट, अधिनियम, 1963 की धारा 21 के अन्तर्गत बनाये गए हैं और जिसे दिनांक 7 अक्तूबर, 92 को हुई बैठक में कार्यकारिणी समिति ने अनुमोदित किया है, इसके नीचे प्रकाशित किये जाते हैं।

यूनिट योजना, 1992

भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम, 1963 (1963 का 52) की धारा 21 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारतीय यूनिट ट्रस्ट का बोर्ड एतद्द्वारा निम्नलिखित योजना बनाता है।

योजना का उद्देश्य :

इस योजना का मुख्य उद्देश्य है निवेशकों को निवेश में शामिल होने का एक अवसर प्रदान करना। योजना के अन्तर्गत संग्रहित निधि का कम से कम 50 प्रतिशत उच्च उत्पादक इक्विटियों में निवेश के माध्यम से कार्पोरेट प्रतिभूति बाजार के विकास में भागीदार बनना। अतः दीर्घावधि पूंजी वृद्धि इस योजना का प्राथमिक लक्ष्य होगा और लाभांशों के रूप में उच्च आय के वितरण के बदले राइट्स और बोनस के माध्यम से बढ़ोत्तरी का भागीदार बनने पर बल दिया जाएगा। साथ ही साथ यह भी आशय है कि अवरुद्ध अवधि के बाद उचित मात्रा में लाभांश भी प्रदान किए जाएं जो कम से कम बैंकों द्वारा सबसे अधिक समय के लिए जमा की गयी राशि पर दी जाने वाली दर के बराबर हो। अतः उचित लाभांश सीमाओं के अधीन यथासंभव अधिकाधिक दर उपलब्ध कराने पर अधिक ध्यान दिया जाएगा।

संक्षिप्त शीर्षक और योजना का आरम्भ :

(1) यह योजना "यूनिट योजना, 1992" (यूएस-1992) कही जाएगी।

(2) यह योजना अर्द्ध सतत खुली योजना होगी और 2 नवम्बर, 1992 से आरम्भ होगी।

(3) योजना के अन्तर्गत यूनिटों की बिक्री 2 नवम्बर, 1992 से 23 नवम्बर, 1992 (दोनों दिनों सहित) 22 दिनों के लिए खुली रहेगी। किन्तु अध्यक्ष या कार्यपालक न्यासी योजना के अन्तर्गत उक्त अवधि की समाप्ति के पहले भी यूनिटों की बिक्री किसी भी समय समाचार पत्र के माध्यम से एक सप्ताह की सूचना देकर स्थगित कर सकते है। अगली बिक्री, सीमित अन्तराल के लिए की जाएगी जो समय-समय पर बोर्ड द्वारा निश्चित की जाएगी।

II. परिभाषाएं :—इस योजना में जब तक की विषयवस्तु में अन्य था अपेक्षित न हो,

(क) अधिनियम का अर्थ है "भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम, 1963"

(ख) "स्वीकृति तिथि"—ट्रस्ट द्वारा यूनिटों की बिक्री या पुनर्खरीद के लिए ट्रस्ट को भेजे गए आवेदन पत्र के संदर्भ में स्वीकृति तिथि का अर्थ है उक्त तिथि जब ट्रस्ट संतुष्ट होकर आवेदन पत्रों को स्वीकार करता है और समझता है कि यह सही है।

(ग) आबंटन की तिथि 1-2-93 होगी।

(घ) योजना के अन्तर्गत "पात्र व्यक्ति" में केवल "निवासी वयस्क व्यक्ति" एकल रूप में या दो अन्य व्यक्तियों के साथ "संयुक्त/या उत्तरजीवी आधार" पर होंगे।

(ङ) "सूचीबद्ध" का अर्थ है वैसे शेयर बाजार में व्यापार के प्रयोजन के लिए यूनिटों का सूचीबद्ध होना जो प्रतिभूति संविदा (विनियमन) अधिनियम, 1956 (1956 का 42) के अन्तर्गत उस समय के लिए मान्य है।

(च) "अवरुद्ध अवधि" का अर्थ होगा योजना के अन्तर्गत यूनिटों में आबंटन की तिथि से तीन वर्षों की अवधि जिसके बाद ट्रस्ट द्वारा पुनर्खरीद आरम्भ की जाएगी।

(छ) जारी की जाने वाली यूनिटों की संख्या का अर्थ है बिक्री की गयी और बकाया यूनिटों की समग्र संख्या।

(ज) "मान्यता प्राप्त शेयर बाजार" का अर्थ है ऐसा शेयर बाजार जो उस समय के लिए प्रतिभूति संविदा (विनियमन) अधिनियम, 1956 (1956 का 42) के अन्तर्गत मान्यता प्राप्त है।

(झ) "विनियम" का अर्थ है भारतीय यूनिट ट्रस्ट विनियमावली, 1964 जो अधिनियम की धारा 43 (1) के अन्तर्गत बनायी गयी है।

(ञ) 'योजना' का अर्थ है समय-समय पर यथा संशोधित यूनिट योजना, 1992।

(ट) 'यूनिट' का अर्थ है यूनिट पूंजी में 10 रुपये के अंकित मूल्य का एक अविभक्त शेयर।

(ठ) अन्य सभी अभिव्यक्तियां जिन्हें यहां परिभाषित नहीं की गयी हैं, किन्तु अधिनियम में परिभाषित हैं, का वही अर्थ होगा जो अधिनियम में दिए गए हैं।

III. प्रत्येक यूनिट का अंकित मूल्य :

प्रत्येक यूनिट का अंकित मूल्य 10 रुपये होगा तथा न्यूनतम निवेश 500 यूनिटों (अर्थात 5000/-) का होगा और 100 यूनिटों के गुणजों में होगा। निवेश की कोई अन्तिम अधिकतम सीमा नहीं है।

IV. यूनिटों के लिए आवेदन पत्र :

(1) योजना के अन्तर्गत यूनिटों की बिक्री उन सभी व्यक्तियों के लिए खुली रहेगी जो परिभाषा के अन्तर्गत पात्र व्यक्ति है।

(2) आवेदन पत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष/कार्य पालक न्यासी द्वारा अनुमोदित फार्म में दिया जाएगा।

(3) प्रत्येक आवेदक को 5000 यूनिटें (5,000/- रुपये) आबंटित की जाएगी और इसके बाद आबंटन समग्र अभिदान को ध्यान में रखकर ट्रस्ट के विवेक पर होगा।

(4) किसी पात्र व्यक्ति द्वारा यूनिटों की खरीद के लिए आवेदन का भुगतान नकद, चैक या ड्राफ्ट द्वारा किया जाएगा। चैक और ड्राफ्ट बैंक की उन शाखाओं पर आहरित होंगे जो शाखाएं नगर में स्थित हैं तथा वहां उक्त कार्यालय हो जहां आवेदन पत्र जमा किया जाता है। यदि चेक द्वारा भुगतान किया गया है तो स्वीकृति तिथि उक्त चैक की वसूली के अधीन होगी तथा उक्त तारीख होगी जिस दिन ट्रस्ट ने चैक प्राप्त किया था। यदि ड्राफ्ट द्वारा भुगतान किया जाता है तो स्वीकृति तिथि उक्त ड्राफ्ट जारी करने की तारीख होगी बशर्ते कि उक्त ड्राफ्ट की राशि प्राप्त हो गयी हो और आवेदन पत्र ट्रस्ट द्वारा यथोचित समय के अन्तर्गत प्राप्त हो गया हो।

(5) प्रमाण पत्र पंजीकृत डाक पावती के साथ या इसके बिना आवेदन पत्र में आवेदक द्वारा दिए गए पते पर भेज दिया जाएगा। इस रूप में भेजे गए प्रमाण पत्र/पत्रों के खो जाने, क्षतिग्रस्त होने, गलत डिलीवरी या डिलीवरी नहीं होने के लिए ट्रस्ट उत्तरदायी नहीं होगा।

यूनिटों की पेशकश :

योजना के अन्तर्गत यूनिटों की बिक्री 22 दिनों के लिए अर्थात् 2 नवम्बर, 1992 से 23 नवम्बर, 1992 (दोनों दिन सहित) खुली रहेगी। ट्रस्ट निर्धारित तिथि के पहले इसकी बिक्री को बन्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। ट्रस्ट के किसी भी कार्यालय में 23 नवम्बर, 1992 को या इसके बाद कार्यालय समय के बाद प्राप्त आवेदन अवैध समझा जाएगा और उसे अस्वीकार किया जाएगा।

VI. यूनिटों की पुनर्खरीद :

(1) ट्रस्ट 1 फरवरी, 1996 के पहले पुनर्खरीद नहीं करेगा।

(2) ट्रस्ट योजना चालू रहने के दौरान 31 जनवरी, 1996 के बाद पुनर्खरीद के लिए यूनिट प्रमाणपत्र/पत्रों की प्राप्ति पर तत्कालीन पुनर्खरीद मूल्य पर पुनर्खरीद करेगा किन्तु उसके लिए यूनिट प्रमाण-पत्र की दूसरी ओर के फार्म विधिवत् रूप से भरे होने चाहिए और प्रमाण पत्र में अंकित सभी यूनिटें पुनर्खरीद के लिए प्रस्तुत की जानी चाहिए। यनिट प्रमाणपत्रों में अंकित यूनिटों की आंशिक पुनर्खरीद की अनुमति नहीं दी जायेगी। विशुद्ध आस्ति मूल्य पर आधारित पुनर्खरीद मूल्य पर यूनिटों की पुनर्खरीद की जाएगी तथा लेन-देन का खर्च उससे घटाना होगी जो विशुद्ध आस्ति मूल्य का 5% से अधिक नहीं होगा।

(3) ट्रस्ट द्वारा पुनर्खरीद की गई यूनिटों का भुगतान कोई कटौती यदि है तो उसे घटाकर स्वीकृति तिथि के बाद यथाशीघ्र इस रूप में किया जाएगा जिस रूप में आवेदक आवेदन पत्र में निर्दिष्ट करेगा। आवेदक को बकाया राशि पर किसी कारण से भी ब्याज देय नहीं होगा और प्रेषण (डाक खर्च सहित) का खर्च या ट्रस्ट द्वारा भेजे गए चैक या ड्राफ्ट की वसूली पर खर्च का भार आवेदक वहन करेगा।

यूनिटों की पेशकश और पुनर्खरीद पर प्रतिबंध :

योजना के किसी भी प्रावधान में निहित किसी बात के होते हुए भी ट्रस्ट यूनिटों की बिक्री/ पुनर्खरीद के दायित्व के अधीन नहीं होगा :—

(i) उक्त दिन को जब कि वह कार्य करने का दिन नहीं है और

(ii) यूनिट धारकों के रजिस्टर जब बहियों और लेखों की वार्षिक बन्दी के कारण ट्रस्ट द्वारा यथा अधिसूचित बन्द होते हैं उक्त अवधि के दौरान।

स्पष्टीकरण :

इस योजना के प्रयोजन के लिए "कार्य का दिन" का अर्थ होगा वैसा दिन जो न तो (i) परक्राम्य लिखत अधिनियम के अन्तर्गत महाराष्ट्र राज्य में या उन राज्यों में जहां ट्रस्ट की अपनी शाखाएं हैं सार्वजनिक छुट्टी के रूप में या (ii) भारत सरकार के राजपत्र में ट्रस्ट द्वारा एक ऐसे दिन के रूप में अधिसूचित है जिस दिन ट्रस्ट का कार्यालय बन्द रहेगा।

VIII. स्वीकृति तिथि को दिए जाने वाले पेशकश या पुनर्खरीद :

ट्रस्ट द्वारा यूनिटों की पेशकश या पुनर्खरीद स्वीकृति तिथि को प्रचलित संगत मूल्य पर की जाएगी।

IX. पेशकश और पुनर्खरीद मूल्य :

(1) 2 नवम्बर, 1992 से 13 नवम्बर, 1992 तक की अवधि के दौरान बिक्री के लिए प्रत्येक यूनिट की पेशकश इसके अंकित मूल्य 10/— रु० (दस रुपये मात्र) की जाएगी।

(2) जिस मूल्य पर ट्रस्ट द्वारा यूनिटों की पुनर्खरीद की जायेगी, (इसके बाद 'पुनर्खरीद मूल्य' कहे जायेंगे) ट्रस्ट द्वारा वह मूल्य 1 फरवरी, 1996 को निर्धारित किया जाएगा और इसके बाद प्रत्येक माह की 15 तारीख को या अगला कार्य दिवस को होगा (यदि वह दिन छुट्टी का दिन होग) और अगले माह में पुनर्खरीद के लिए लागू होगा।

(3) पुनर्खरीद मूल्य निम्नवत् निकाला जाएगा। जिस दिन पुनर्खरीद मूल्य का निर्धारण किया जाता है उस कार्य दिवस को कारोबार की समाप्ति के समय (जो इसके बाद निर्दिष्ट किया जाएगा) इस योजना से संबंधित आस्तियों के मूल्य से संबंधित देयताओं को (आस्ति की देय-ताएं या प्रारक्षित राशि, यदि कोई है सहित, यूनिट पूंजी के संबंध में देयताएं नहीं) जो उक्त कार्यदिवस को कारोबार के बन्द होने के समय था, को घटाकर तथा उस दिन के कारोबार की समाप्ति तक जारी यूनिटों की संख्या से भाग देकर तथा उससे उतनी राशि घटाकर जो ट्रस्ट की राय में दलाली, कमीशन, करों, स्टाम्प शुल्क और ट्रस्ट द्वारा विदेशों की वसूली के संबंध में अन्य खर्चों को देने के लिए पर्याप्त हैं, पुनर्खरीद मूल्य निकाला जाएगा।

(4) जिस दिन का पुनर्खरीद मूल्य निकाला जाता है उस दिन ट्रस्ट के पास उपलब्ध सामग्री के आधार पर किसी यूनिट का पुनर्खरीद मूल्य निकाला जाएगा।

(5) उप खण्ड (2), (3) और (4) में किसी बात के अन्यथा होते हुए जबकि ट्रस्ट संतुष्ट है कि ट्रस्ट के हित में यूनिट धारक और योजना को जारी रहने और वृद्धि में यह आवश्यक है या ऐसा करना समीचीन है, ट्रस्ट उस दर पर पुनर्खरीद मूल्य, निर्धारित कर सकता है जो अनिवार्य रूप से उप खण्ड (3) के प्रावधानों के अनुसार नहीं हो सकती हैं और ऐसा निर्धारण ट्रस्ट और यूनिट धारकों के हित में माना जाएगा।

(6) उप खण्ड (2) में किसी बात के अन्यथा होते हुए, ट्रस्ट 15 वें दिन को छोड़कर किसी तिथि को पुनर्खरीद मूल्य निर्धारित कर सकता है जो उक्त अवधि के लिए प्रभावी होगा जिसे वह सही समझता है।

(7) खण्ड XXVI में विनिर्दिष्ट तरीके से योजना की समाप्ति की स्थिति में ट्रस्ट पुनर्खरीद मूल्य का निर्धारण निम्न रूप से करेगा। योजना की समाप्ति के लिए अधिसूचित तिथि को कारोबार की समाप्ति पर, योजना से संबंधित आस्तियों के मूल्य में योजना से संबंधित देयताओं को घटाएं और बकाया यूनिटों की संख्या से उसमें भाग दें और ट्रस्ट की राय में दलाली, कमीशन यदि कोई है, स्टाम्प शुल्क और निवेशों की वसूली के संबंध में कोई अन्य खर्च और योजना के संबंध में आस्तियों का यूनिट धारकों के वितरण और अन्य समायोजन को पूरा करने के लिए जो आवश्यक है, उन्हें उनसे घटाएं। उक्त स्थिति में प्रति यूनिट आस्ति का अन्य वितरण योग्य घटक के लिए सम-मूल्य के अलावा पुनर्खरीद मूल्य होगा जो ट्रस्ट द्वारा अपने लेखा परीक्षकों के संतोष-जनक रीति से निकाली जाएगी और जिस रूप में बोर्ड उसे अनुमोदित करेगा।

X. पुनर्खरीद मूल्य/अन्तिम मूल्य का प्रकाशन :

ट्रस्ट यथाशीघ्र पुनर्खरीद मूल्य के निर्धारण के बाद यूनिटों का पुनर्खरीद मूल्य उक्त रूप में प्रकाशित करेगा जो उचित समझेगा। खण्ड XVI में दिए गए तरीके से योजना की समाप्ति पर ट्रस्ट यथाशीघ्र अन्तिम पुनर्खरीद मूल्य निकालने के बाद इस रूप में प्रकाशित करेगा जो वह उचित समझेगा।

XI इस योजना के संबंध में आस्तियों का मूल्यांकन :

(1) खण्ड IX के उप खण्ड (2) के अन्तर्गत आस्तियों के मूल्यांकन के प्रयोजन के लिए आस्तियों का विभाजन निम्नलिखित रूप में होगा। (क) नकद राशि (ख) निवेश (ग) अन्य आस्तियां।

(2) निवेशों का मूल्यांकन निम्नलिखित को शामिल कर दिया जाएगा।

अ) (क) शेयर बाजार के कार्य दिवस को बन्द होने के मूल्य जिस पर इस योजना संबंधी धारित प्रतिभूतियों का मूल्यांकन किया जाता है, किंतु जहां एक से अधिक शेयर बाजारों में प्रतिभूति का भाव कोट किया जाता है, उक्त प्रतिभूति का मूल्य निर्धारण ट्रस्ट निश्चित करेगा।

(ख) जहां निवेश का व्यवहार संगत अवधि के दौरान नहीं किया गया या किसी स्वीकृत शेयर बाजार में उसके मूल्य कोट भी नहीं किया गया। ऐसी परिस्थिति में जिसे ट्रस्ट उक्त निवेश का उचित मूल्य समझेगा, लेगा।

ब) (क) ब्याज अर्जित करने वाली जमा राशियों के मामले में, प्रोद्भूत ब्याज किंतु अप्राप्त।

(ख) सरकारी प्रतिभूतियों और डिबेंचरों के मामले में प्रोद्भूत ब्याज किंतु अप्राप्त और

(ग) बिना लाभांश के कोट किए गए ईक्विटी शेयरों और तरजीही, शेयरों के मामले में कोई घोषित लाभांश किंतु अप्राप्त।

(3) अन्य आस्तियों का मूल्यांकन उनकी बहियों में अंकित मूल्य पर किया जाएगा।

XII. यूनिट प्रमाण-पत्रों का फार्म :—

यूनिट प्रमाण-पत्र इसके साथ संलग्न फार्म 'ए' में होगा। प्रत्येक यूनिट प्रमाण-पत्र में एक विभेदक संख्या, जितनी यूनिटों का यह प्रमाण-पत्र है उतनी संख्या और यूनिट धारक का नाम रहेगा।

XIII. यूनिट प्रमाण पत्र तैयार करने की विधि :

जैसा बोर्ड समय-समय पर निर्धारित करेगा; यूनिट प्रमाण-पत्र उत्कीर्ण, या लिथोग्राफ या मुद्रित किया जाएगा और ट्रस्ट द्वारा विधिवत रूप से अधिकृत दो व्यक्तियों द्वारा ट्रस्ट की ओर से हस्ताक्षरित होगा। प्रत्येक हस्ताक्षर स्वहस्ताक्षरित होगा या किसी यांत्रिकी विधि से लाया गया होगा। जब तक यूनिट प्रमाणपत्र इस रूप में हस्ताक्षरित नहीं होगा, तब तक वह, मान्य नहीं होगा। इस रूप में हस्ताक्षरित यूनिट प्रमाण-पत्र मान्य होगा और इस बात के होते हुए बाध्यकारी होगा कि इन्हें जारी होने के पहले, किसी व्यक्ति जिसका हस्ताक्षर उस पर है ट्रस्ट की ओर से यूनिट प्रमाणपत्र पर हस्ताक्षर, करने का अधिकृत व्यक्ति नहीं रहा हो, किंतु इस रूप में तैयार किया गया यूनिट प्रमाणपत्र में यदि किसी अधिकृत व्यक्ति का हस्ताक्षर है तो प्रमाणपत्र जारी होने के पहले, किसी व्यक्ति जिसका हस्ताक्षर उस पर है, ट्रस्ट की ओर से यूनिट प्रमाणपत्र पर हस्ताक्षर करने का अधिकृत व्यक्ति नहीं रहा हो, किंतु इस रूप में तैयार किया गया यूनिट

प्रमाण पत्र में यदि किसी अधिकृत व्यक्ति का हस्ताक्षर है जो प्रमाणपत्र जारी होने के समय मृत है; ट्रस्ट किसी तरीके से जिसे वह सर्वोत्तम समझता है, प्रमाणपत्र पर विद्यमान उक्त व्यक्ति के हस्ताक्षर को रद्द कर सकता है और किसी अन्य अधिकृत व्यक्ति का हस्ताक्षर उस पर करवा सकता है। इस रूप में जारी यूनिट प्रमाणपत्र भी मान्य होंगे।

XIV. यूनिट प्रमाणपत्र के संबंध ट्रस्ट द्वारा मान्यता नहीं दिया जाना :

जो व्यक्ति धारक के रूप में पंजीकृत है और जिसके नाम यूनिट प्रमाण पत्र जारी किया गया है, केवल वही व्यक्ति ट्रस्ट द्वारा यूनिट धारक के रूप में मान्य होगा और यह माना जाएगा कि इसका स्वत्वाधिकार या हित उसमें या उक्त यूनिट प्रमाणपत्र की यूनिटों में है जो उसके नाम है और ट्रस्ट उक्त यूनिट धारक को उसका एकमात्र स्वामी मानेगा और इसके विपरीत किसी नोटिस से या किसी ट्रस्ट के क्रियान्वयन की नोटिस से बंधा नहीं होगा या सिर्फ उन बातों को छोड़ कर जब कि इसमें स्पष्ट रूप से यह दिया गया हो हो या कार्यक्षेत्र के सक्षम न्यायालय द्वारा किसी यूनिट प्रमाणपत्र के स्वत्वाधिकार पर विपरीत प्रभाव डालने वाला आदेश हो या इस रूप में दर्शाई गई यूनिटें हो।

XV. जब प्रमाणपत्र फटे-फटे, विरूपित, लापता आदि है, यूनिट प्रमाणपत्रों का विनियम और प्रक्रिया :

यदि कोई प्रमाणपत्र फट-फट जाता है या घिस-पिट या विरूपित हो जाता है तो ऐसे मामले में ट्रस्ट अपनी विवेक के अनुसार स्वत्वधिकारी व्यक्ति को एक नया यूनिट प्रमाण पत्र जारी कर सकता है। इसकी कुल संख्या उतनी ही होगी जितनी कि फटे-फटे विरूपित प्रमाण-पत्रों की थी। यदि कोई यूनिट प्रमाणपत्र खो जाता है चुराया जाता है या नष्ट हो जाता है तो ट्रस्ट अपने विवेक के अनुसार स्वत्वाधिकारी व्यक्ति को उसके बदले में नया यूनिट प्रमाण पत्र जारी करेगा। कोई नया यूनिट प्रमाण पत्र तब तक जारी नहीं किया जाएगा जब तक कि ट्रस्ट को —

(i) मूल प्रमाणपत्रों के फटे-फटे होने, टुकड़े होने, विरूपित होने, खो जाने, चुरा लिए जाने या नष्ट होने के संतोषजनक साक्ष्य के साथ प्रस्तुत नहीं किए जाते;

(ii) तथ्यों की जांच के संबंध में सभी खर्चों का भुगतान नहीं किया जाता ;

(iii) यदि फट-फटे या घिसे-पिटे या विरूपित यूनिट प्रमाणपत्रों को ट्रस्ट को प्रस्तुत किया जाता है और अभ्यर्पित किया जाता है; और

(iv) ट्रस्ट को क्षतिपूर्ति बन्धपत्र प्रस्तुत किया जाता है जैसा ट्रस्ट चाहता है। इस खण्ड के प्रावधान के अन्तर्गत ट्रस्ट सद्भावना के आधार पर उक्त प्रमाणपत्र को जारी करने का उत्तर-दायित्व नहीं लेगा।

इस खण्ड के प्रावधान के अन्तर्गत कोई प्रमाण पत्र जारी करने के पहले ट्रस्ट चाहेगा कि आवेदक उसके द्वारा निगत प्रत्येक यूनिट प्रमाणपत्र पर 1/- रू० का भुगतान करे। साथ ही ट्रस्ट की राय में स्टाम्प ड्यूटी यदि कोई है, के लिए पर्याप्त धन राशि या अन्य खर्च या कर डाक पंजीकरण खर्च सहित उक्त प्रमाणपत्र को जारी करने और प्रेषित करने के संबंध में देय हो, उसे भी जमा करेगा।

XVI. यूनिट धारकों का रजिस्टर:-

यूनिट धारकों के पंजीकरण के संबंध में निम्नलिखित प्रावधान होंगे।

(1) ट्रस्ट द्वारा यूनिट धारकों का एक रजिस्टर रखा जाएगा और इस रजिस्टर में निम्नलिखित प्रविष्टियां की जायेंगी।

(क) यूनिट धारकों के नाम और पते :

(ख) प्रमाणपत्र की विभेदक संख्या और प्रत्येक उक्त व्यक्ति द्वारा धारित यूनिटों की संख्या और

(ग) उक्त व्यक्ति को यूनिटों के, जो उनके नाम में है, धारक बनने की तिथि।

(2) (क) यदि यूनिट प्रमाणपत्र दो व्यक्तियों के नाम में पंजीकृत हैं तो यह समझा जाएगा कि उक्त व्यक्ति प्रमाणपत्र के संयुक्त धारक हैं और यूनिट धारकों के रजिस्टर, में प्रथम व्यक्ति द्वारा उक्त प्रमाणपत्र के संम्बद्ध में बकाया राशि की प्राप्ति की जाती है तो इसे ट्रस्ट द्वारा की गई चुनौती माना जाएगा।

(ख) जहां दो व्यक्ति जिनमें कोई भी नाबालिग नहीं है अपने पक्ष में एक यूनिट प्रमाण पत्र जारी करने के लिए आवेदन करता है और आवेदन-पत्र में अनुरोध करता है कि दोनों में से किसी को भी यूनिटों के व्यवहार के लिए अनुमति दी जाए। ट्रस्ट को उक्त अनुरोध के संबद्ध में समुचित प्रविष्टियां इसकी बहियों में दर्ज कर लेनी चाहिए और ऐसी परिस्थिति में जब कोई यूनिट प्रमाणपत्र जारी किया गया है, तब दोनों में से किसी एक धारक को उक्त प्रमाणपत्रों के यूनिटों का अधिकारी होना चाहिए और उनमें से किसी एक द्वारा दिया गया उन्मोचन (डिस्चार्ज) उन यूनिटों के संम्बध में बकाया राशि की प्राप्ति के अर्थ में ट्रस्ट द्वारा की गई चुकौती मानी जाएगी। बशर्ते कि उक्त प्रमाणपत्र द्वारा दर्शाई गई यूनिटों

द्वारा घोषित आय वितरण यूनिट धारक के रजिस्टर में नामित प्रथम व्यक्ति को भुगतान किया जाता है ।

(3) किसी यूनिट धारक द्वारा अपने नाम या पते में लाए गए परिवर्तन को ट्रस्ट की जानकारी में लायी जायेगी जो उक्त परिवर्तन से संतुष्ट होकर और अपेक्षित औपचारिकताओं का पालन कर तदनुसार रजिस्टर में परिवर्तन करेगा ।

(4) सिर्फ उस अवधि को छोड़ कर जबकि रजिस्टर बन्द रखती है तब उसमें निहित प्रावधानों के अनुसार, व्यवसाय के घंटे के दौरान रजिस्टर (ट्रस्ट द्वारा लगाए गए यथोचित नियंत्रण के अधीन) किंतु प्रत्येक व्यवसाय के दिन कम-से-कम दो घंटे निरीक्षण के लिए बिना किसी खर्च के यूनिट धारकों के निरीक्षण के लिए खुली रहेगी ।

(5) रजिस्टर उक्त अवधि के लिए बन्द रहेगी जैसा ट्रस्ट द्वारा समय-समय पर निश्चित किया जाएगा । किंतु किसी भी वर्ष में यह 30 दिनों से अधिक दिनों के लिए बन्द नहीं रखी जाएगी । ट्रस्ट बन्द होने की सूचना उक्त समाचार पत्र में विज्ञापन द्वारा प्रकाशित करेगा जिस रूप में बोर्ड निर्देश देगा ।

XVII. यूनिट धारक द्वारा ट्रस्ट से भुगतान पाने की रसीद किसी भी यूनिट धारक द्वारा सर्टिफिकेट में अंकित यूनिटों के संबंध में उनके द्वारा पाई गई मुद्रा के लिए दी गई रसीद ट्रस्ट के लिए सही अदायगी मानी जाएगी ।

XVIII. यूनिट धारक की मृत्यु या दिवालियापन :

(1) किसी यूनिट प्रमाणपत्र के संयुक्त धारकों में से किसी एक की मृत्यु होने के मामले में उत्तर-जीवी ही एकमात्र ऐसा व्यक्ति होगा जिसे ट्रस्ट की दृष्टि में यूनिट प्रमाण पत्रों में दर्शाई गई यूनिटों में हित या स्वत्वाधिकार है । बशर्ते कि इसमें अंतर्विष्ट कोई ऐसी बातें नहीं हैं जो किसी अधिकार पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है जो किसी अन्य व्यक्ति के पास उक्त यूनिटों के संबंध में इस उत्तर-जीवी के विरुद्ध है ।

(2) किसी एकल धारक की मृत्यु स्थिति में नामिती ट्रस्ट द्वारा मान्य व्यक्ति होगा । जो यूनिटों के संबंद्ध में विनियमों के अन्तर्गत ट्रस्ट द्वारा देय राशि का हकदार होगा ।

(3) किसी एकल यूनिट धारक द्वारा मान्य नामिती की अनुपस्थिति में मृतक यूनिटें धारक का प्रशासक या कार्यपालक भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 (1925 का 39) के भाग X के अन्तर्गत जारी उत्तराधिकार प्रमाणपत्र का कोई धारक ही केवल ऐसा व्यक्ति होगा जो ट्रस्ट द्वारा माना जाएगा कि उसका यूनिटों में कोई अधिकार है ।

(4) किसी यूनिट धारक की मृत्यु या दिवालिया होने के कारण किसी व्यक्ति को यूनिटों का स्वत्वाधिकारी होने पर तथा उसके अधिकारी होने के साक्ष्यों को प्रस्तुत करने पर जिसे ट्रस्ट पर्याप्त समझेगा, मृतक के नाम जमा सभी यूनिटों की पुनर्खरीद मूल्य का भुगतान, दावेदार द्वारा दावा संम्बधी सभी औपचारिकताओं के अनुपालन करने पर ट्रस्ट द्वारा किया जाएगा ।

(5) 3 वर्षों की अवरूद्ध अवधि के दौरान यूनिट धारक की मृत्यु की स्थिति में, दावेदार को यह विकल्प होगा कि इस योजना में वे बने रहे यदि वे पात्रता खण्ड के अनुसार पात्र व्यक्ति है या ट्रस्ट द्वारा निर्धारित पुनखरीद मूल्य पर पुनखरीद आय प्राप्त करेंगे ।

XIX. यूनिटों का सूचीबद्ध होना :

योजना के अन्तर्गत जारी की गई यूनिटों को 3 वर्षों की अवरूद्ध अवधि के बाद मान्यता प्राप्त बड़े शेयर बाजारों में सूचीबद्ध किए जाएगे ।

XX. यूनिटों का हस्तान्तरण :

इस योजना के अन्तर्गत जारी की गई यूनिटों का हस्तान्तरण बड़े शेयर बाजारों में सूचीबद्ध होने के बाद किया जा सकता है । शेयर बाजारों द्वारा निर्धारित शेयर अन्तरण फार्म का प्रयोग यूनिटों के अन्तरण के लिए किया जाना चाहिए । तीन साल की आरंभिक अवरूद्ध अवधि के दौरान योजना के अन्तर्गत जारी की गई यूनिटों को गिरवी नहीं रखी जा सकती ।

XXI. यूनिट धारकों द्वारा नामांकन :

1. एकल या दो यूनिट धारकों द्वारा संयुक्त रूप में धारित यूनिट धारक नामांकन करने या रद्द करने के, अधिकार का प्रयोग विनियमों में दी गई सीमा तक कर सकते है ।

XXII. निवेश की सीमाएं :

1. इस योजना की निधियों से किरी कम्पनी की प्रतिभूतियों में ट्रस्ट द्वारा उक्त कम्पनियों के बकाया और जारी की गई प्रतिभूतियों का 15% से अधिक निवेश नहीं किया जाएगा । बशर्ते कि पूंजी में उक्त निवेश

की समग्र राशि औद्योगिक उपक्रमों द्वारा आरंभ में जारी की गई राशि के अन्तर्गत उक्त निधियों की कुल राशि का 5% से अधिक किसी समय नहीं हो।

2. उपखण्ड (1) के अन्तर्गत निर्धारित सीमाएं किसी कम्पनी के डिबेंचरों जमा राशियों और बांडों (सुरक्षित या असुरक्षित में) ट्रस्ट के निवेशों में लागू नहीं होगा।

XXIII. आय वितरण

योजना के अन्तर्गत प्राप्त आय को ध्यान में रखकर ट्रस्ट योजना के अन्तर्गत खर्चों की व्यवस्था करने के बाद यूनिट धारकों के लिए आय का वितरण करेगा।

यूनिट धारकों के लिए आय का वितरण यदि कोई है, प्रत्येक वर्ष 30 जून को योजना के वार्षिक लेखा की बन्दी के बाद यथाशीघ्र किया जायेगा।

ऐसे यूनिट धारक जिनका नाम यूनिट धारकों के रजिस्टर में ट्रस्ट द्वारा आय वितरण की घोषणा के पूर्व है, वे वितरण किए जाने वाले आय को प्राप्त करने और रखने के अधिकारी होंगे।

किन्तु ट्रस्ट के पास यह अधिकार सुरक्षित है कि वह 3 वर्षों की अवरुद्ध अवधि के दौरान आय वितरण को घोषित न करे क्योंकि योजना का उद्देश्य है निवेश में वृद्धि लाना।

साथ-ही-साथ इसका आशय है अवरुद्ध अवधि के बाद यथोचित लाभांश प्रदान करना जो बैंकों द्वारा सबसे अधिक लंबी अवधि के लिए सावधि जमा पर दी जाने वाली दर के कम से कम बराबर हो।

XXIV. खातों का प्रकाशन

ट्रस्ट यथाशीघ्र जो प्रत्येक वर्ष के 30 जून के बाद की अवधि हो सकती है, बोर्ड द्वारा निश्चित की गयी विधि से लेखों को प्रकाशित करेगा जिसमें उस तिथि को समाप्त अवधि के दौरान योजना का कार्य प्रदर्शित किया जायेगा। ट्रस्ट किसी यूनिट धारक से लिखित रूप से प्राप्त अनुरोध पर प्रकाशित लेखे की एक प्रति उसे भेजेगा।

XXV. योजना में परिवर्धन और संशोधन

समय-समय पर बोर्ड योजना में कोई परिवर्तन/संशोधन कर सकता है जो सरकारी राजपत्र में अधिसूचित किया जाएगा।

XXVI. योजना की समाप्ति :

यदि परिस्थिति ऐसी बनती है कि योजना ट्रस्ट धारकों के हित में न रहे तो यूनिट धारकों को पर्याप्त समय की सूचना देकर योजना समाप्त की जा सकती है। सभी यूनिट धारकों जिन्होंने इस योजना में हिस्सा लिया है, उन्हें उनके नाम जमा यूनिटों का अंतिम पुनःखरीद मूल्य जो उक्त प्रयोजन हेतु निश्चित किया जाएगा, भुगतान किया जाएगा। इस रूप में निकाला गया पुनर्खरीद अंतिम मूल्य पाने के अलावा, किसी प्रकार का अन्य लाभ जैस पुर्नखरीद मूल्य में वृद्धि या लाभांश में वृद्धि अनुवर्ती अवधि के लिए नहीं संचित होगी। पुर्नखरीद के लिए प्राप्त यूनिट प्रमाण पत्रों को रद्द करने के लिए रखा जाएगा।

XXVII. यूनिट धारकों के लिए योजना का बाध्यकार होना।

समय-समय पर किए जाने वाले संशोधन इस योजना की शर्तें प्रत्येक यूनिट धारक पर बाध्यकारी होगी और प्रत्येक अन्य व्यक्ति जो उनके माध्यम से दावा करते हैं मानो स्पष्ट रूप से स्वीकार किये हैं कि वे इस रूप में उन पर बाध्यकारी होगा।

XXVIII. बिक्री की बन्दी या निलंबन

बिक्री योजना के अन्तर्गत यूनिटों की बिक्री ट्रस्ट द्वारा योजना के आरम्भ के बाद किसी भी समय महत्वपूर्ण समाचार पत्रों में 7 दिनों की सूचना देने के बाद इस योजना को निलंबित या समाप्त किया जा सकता है।

XXIX. उपलब्ध करायी जाने वाली योजना की प्रति :

सभी संशोधनों सहित योजना की एक प्रति ट्रस्ट के कार्यालय में निरीक्षण के लिए कार्यालय के कार्यकाल के दौरान 5/– रु० जमा करने पर उपलब्ध करायी जायेगी।

XXX. यूनिट धारकों के लिए लाभ :

सभी पूंजी प्रारक्षित राशि और अतिरिक्त राशि यदि कोई योजना की समाप्ति के समय उपलब्ध थी, के सम्बन्ध में योजना के अन्तर्गत प्रोदभूत सभी लाभों को केवल उन्ही यूनिट धारकों के बीच वितरण योग्य होगा जो इसकी बन्दी के समय यूनिटों के धारक थे।

XXXI. प्रावधानों के अर्थ लागाने का अधिकार :

यदि किसी भी प्रावधान के स्पष्टीकरण में कोई संदेह उत्पन्न होता है, तो अध्यक्ष या उनकी अनुपस्थिति में कार्यपालक न्यासी को योजना के प्रावधानों का अर्थ लगाने का अधिकार होगा जो योजना की आधारभूत संरचना के विपरीत या किसी रूप में प्रतिकूल प्रभाव जानने वाला नहीं होगा और यह निर्णय अंतिम होगा।

XXXII. प्रावधानों का शिथिलीकरण/परिवर्तन/संशोधन :

ट्रस्ट के अध्यक्ष या उनकी अनुपस्थिति में कार्यपालक न्यासी कठिनाइयों को कम करने के उद्देश्य से या योजना के अवधि और सहज परिचालन के लिए योजना के किसी प्रावधान को शिथिल/परिवर्तित या संशोधित कर सकते हैं जिन मामलो मे किसी यूनिट धारक या यूनिट धारकों के वर्ग के लिए यह आवश्यक समझा जाएगा।

फार्म क

प्रतीक

भारतीय यूनिट ट्रस्ट

(भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम 1963 के अन्तर्गत निगमित)

यूनिट योजना 1992 (यू०एस० 1992)

(खण्ड XII)

यूनिट प्रमाण पत्र सं० यूनिटों की सं०

यह प्रमाणित किया जाता है कि इस प्रमाण पत्र में उल्लिखित व्यक्ति

यूनिटों के पंजीकृत धारक है/हैं । भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम 1963 (63 का 52) के प्रावधानों, इसके अधीन, बनायी गयी विनियमावली और यूनिट योजना (यू एस 1992) के अधीन प्रत्येक का अंकित मूल्य दस रुपए है ।

नाम/नामावली

कृते भारतीय यूनिट ट्रस्ट

तिथि :

सं० यू टी/डी बी डी एम/2044ए/एस पी डी 165/92-93 अस्थिगित आय यूनिट योजना 1990 के आस्थगित आय यूनिट योजना 1991 और ओमनी यूनिट योजना के प्रावधानो के संशोधन, जिन्हे 7 अक्तूबर, 1992 को आयोजित कार्य, कारिणी समिति की बैठक में अनुमोदित किये गये हैं इसके नीचे प्रकाशित किए जाते हैं ।

अनुबंध

आस्थगित आय यूनिट योजना 1990 (डी आई यू एस-1990) के प्रावधानों का संशोधन

आस्थगित आय यूनिट योजना 1990 (डी आई यू एस-1990) के प्रावधान का "यूनिट धारक की मृत्यु या दिवालिया होने पर खंड XVIII के उप खंड (4) के स्थान पर निम्नलिखित को रखा जाए :

"किसी यूनिट धारक की मृत्यु या दिवालिया हो जाने पर तथा किसी व्यक्ति द्वारा यूनिट का स्वत्वाधिकारी बनने पर, अपने स्वत्वाधिकार का उक्त साक्ष्य जमा करने पर जिसे ट्रस्ट सही समझेगा, उसे यूनिटों के समभूल्य का भुगतान किया जाएगा और प्रत्येक पूरी की गयी तिमाही के लिए 3.75 प्रतिशत की दर से ब्याज का भुगतान किया जाएगा किन्तु यदि कोई लाभांश प्राप्त हुआ है तो वास्तविक प्राप्त राशि उससे घटा दी जाएगी"

आस्थगित आय यूनिट योजना 1991 (डी आई यू एस-1991) के प्रावधानों का संशोधन

आस्थगित आय यूनिट योजना 1991 (डी आई यू एस-1991) के प्रावधान के अधीन "यूनिट धारक की मृत्यु या दिवालिया हो जाने पर" खण्ड XVII के उप खण्ड (4) के स्थान पर निम्नलिखित को रखा जाए :—

"किसी यूनिट धारक की मृत्यु या दिवालिया हो जाने पर किसी व्यक्ति द्वारा यूनिटों के स्वत्वाधिकारी बनने पर अपने स्वत्वाधिकार के उक्त साक्ष्य को प्रस्तुत करने पर जिसे ट्रस्ट पर्याप्त समझेगा, दावे सम्बन्धी औपचारिकताएं पूरी किए जाने के बाद मृतक के नाम जमा सभी यूनिटों के पुनर्खरीद मूल्य, समभूल्य पर भुगतान किया जाएगा या उक्त धर पर जो ट्रस्ट द्वारा निर्धारित किया जाएगा, दावेदार द्वारा आस्थगित विकल्प के अन्तर्गत मृत्यु होने की स्थिति में दावाकर्ता यूनिटों के समभूल्य के साथ साथ प्राप्त वास्तविक लाभांश यदि कोई हो घटाकर प्रत्येक पूरी की गयी तिमाही के लिए 3.75 प्रतिशत की दर से ब्याज पाने का हकदार होगा । वृद्धि मूलक विकल्प के अन्तर्गत मृत्यु दावा के निबटान के लिए पुर्नखरीद मूल्य योजना की बन्दी की तिथि से दो वर्षों के बाद निश्चित की जाएगी । किन्तु योजना की बन्दी की तिथि से दो वर्षों के अन्दर मृत्यु दावा के लिए निपटान आस्थगित विकल्प के अन्तर्गत होगा ।"

ओमनी यूनिट योजना 1991 के प्रावधानो का संशोधन

ओमनी यूनिट योजना 1991 के प्रावधानों का खण्ड IV का उप खण्ड (6) में "100 यूनिटों" के स्थान पर "200 यूनिटें" रखा जाए ।

सं० यू टी डीबीडीएम 2044ए/एस पी डी 185/92-93— पूंजी वृद्धि यूनिट योजना 1991 और पूंजी वृद्धि योजना 1992 के प्रावधानों के संशोधन जिन्हें 9 नवम्बर 1992 को आयोजित कार्यकारिणी समिति की बैठक में अनुमोदित किए गए हैं, इसके नीचे प्रकाशित किए जाते हैं ।

अनुबंध

पूंजी वृद्धि योजना 1991 के प्रावधानों का संशोधन

यूनिट धारक की मृत्यु या दिवालिया होने पर सी जी यू एस-91 के प्रावधानों के खण्ड 25 के उप खण्ड (3) के स्थान पर निम्नलिखित को रखा जाए :—

"किसी यूनिट धारक की मृत्यु या दिवालिया हो जाने पर किसी व्यक्ति द्वारा यूनिटों के स्वत्वाधिकारी बनने पर अपने स्वत्वाधिकार का उक्त साक्ष्य को प्रस्तुत करने पर जिसे ट्रस्ट पर्याप्त समझेगा, दावेदार द्वारा दावे संबंधी औपचारिकताएं पूरी किए जाने के बाद, मृतक के नाम जमा सभी यूनिटों के पुर्नखरीद मूल्य पर भुगतान किया जाएगा जो ट्रस्ट द्वारा समय-समय पर निश्चित किया जाएगा ।"

उपखण्ड (1क) और (1ख) को, सी जी यू एस–91 के प्रावधानों के "बिक्री और पुर्नखरीद मूल्य" पाकर खण्ड 13 के उप खण्ड 1 के बाद रखा जाएगा ।

उप खण्ड (1क)

"बिक्री के बन्द होने की तिथि के एक वर्ष बाद पुर्नखरीद मूल्य ट्रस्ट घोषित करेगा इसके बाद अर्द्ध वार्षिकी आधार पर "

उप खण्ड (1ख)

"बिक्री की बन्दी की तिथि से 3 वर्ष की अवधि के बाद यूनिटों की पुर्नखरीद आरम्भ की जाएगी और ट्रस्ट प्रत्येक माह की पहली तारीख को पुर्नखरीद मूल्य घोषित करेगा या शीघ्र जो आवश्यक होगा " ।

पूंजी वृद्धि यूनिट योजना 1992 के प्रावधानों का संशोधन

यूनिट धारकों की मृत्यु या दिवालिया हो जाने पर सी जी यू एस–92 के प्रावधानों का खण्ड 26 का उप खण्ड (3) के स्थान पर निम्नलिखित को रखा जाए :—

"किसी यूनिट धारक की मृत्यु या दिवालिया हो जाने पर किसी व्यक्ति द्वारा यूनिटों के स्वत्वाधिकारी बनने पर अपने स्वत्वाधिकार का उक्त साक्ष्य को प्रस्तुत करने पर जिसे ट्रस्ट पर्याप्त समझेगा, दावेदार द्वारा दावे सम्बन्धी औपचारिकताएं पूरी किए जाने के बाद, मृतक के नाम जमा सभी यूनिटों के पुर्नखरीद मूल्य पर भुगतान किया जाएगा जो ट्रस्ट द्वारा समय-समय पर निश्चित किया जाएगा ।"

सी जी यू एस–92 के प्रावधानों के पुर्नखरीद मूल्य पर खण्ड 15 के उप खण्ड 1 के बाद उप खण्ड (1क) और (1ख) शामिल किए जाएंगे ।

उप खण्ड (1क)

"यूनिटों के आवंटन की तिथि से एक वर्ष बाद ट्रस्ट पुर्नखरीद मूल्य घोषित करेगा और उसके बाद अर्द्ध वार्षिकी आधार पर ।"

उप खण्ड (1ख)

"यूनिटों के आवंटन की तिथि से 3 वर्षों की अवधि के बाद, यूनिटों की पुर्नखरीद शुरू होगी और ट्रस्ट प्रत्येक माह की पहली तारीख को पुर्नखरीद मूल्य घोषित करेगा या शीघ्र जो आवश्यक होगा ।

BANK OF MAHARASHTRA

CENTRAL OFFICE

Pune-411 005, the 12th March 1993

No. AX-1/ST/OSR/2775/93.—In exercise of the powers conferred by Section 19 of the Banking Companies (Acquisition and Transfer of Undertakings) Act, 1970 (5 of 1970), the Board of Directors of Bank of Maharashtra in consultation with the Reserve Bank of India and with previous sanction of the Central Government hereby makes the following regulations further to amend the Bank of Maharashtra (Officers') Service Regulations, 1979.

2. Short title and commencement : (1) These regulations may be called the Bank of Maharashtra (Officers') Service (Amendment) Regulations, 1993. (2) The amendment shall come into force on and from 28th January 1993.

3. The details of the Amendments are given in Annexure I.

P. A. CHITALE
Dy. Gen. Manager,
Personnel

ANNEXURE-I

Existing	*Amended*
Regulation-(20)(1).—Subject to Sub-Regulation (3) of Regulation 16, the Bank may terminate the services of any officer by giving him 3 months' notice in writing or by paying 3 months' emoluments in lieu thereof.	Regulation-20(1)(a).—Subject to sub-regulation 3 of regulation 16, where the Bank is satisfied that the performance of an officer is unsatisfactory or inadequate or there is a bona-fide suspicion about his integrity or his retention in the bank's service would be prejudicial to the interests of the Bank, and where it is not possible or expedient to proceed against him as per the disciplinary procedure, the Bank may terminate his services on giving him three months' notice or emoluments in lieu thereof in accordance with the guidelines issued by the Government from time to time. (b) Order of termination under this sub-regulation shall not be made unless such officer has been given a reasonable opportunity of making a representation to the Bank against the proposed order. (c) The decision to terminate the services of an officer employee under sub-regulation (a) above will be taken only by the Chairman & Managing Director. (d) The officer employee shall be entitled to appeal against any order passed under sub-regulation (a) above by preferring an appeal within 15 days to the Board of Directors of the Bank. If the appeal is allowed, the order under sub-regulation (a) shall stand cancelled.

Existing	*Amended*
	(e) Where an officer employee whose services have been terminated and who has been paid an amount of three months emoluments in lieu of notice and on appeal his termination is cancelled, the amount paid to him in lieu of notice shall be adjusted against the salary that he would have earned, had his services not been terminated and he shall continue in the Bank's employment on same terms and conditions as if the order of termination had not been passed at all.
	(f) An officer employee whose services are terminated under sub-regulation (a) above shall be paid Gratuity, Provident Fund including employer's contribution and all other dues that may be admissible to him as per rules notwithstanding the years of service rendered.
	(g) Nothing contained hereinabove will affect the Bank's right to retire an officer employee under Regulation 19(1).
Regulation-20(2).—An officer shall not leave or discontinue his service in the Bank without first giving a notice in writing of his intention to leave or discontinue the service or resign. The period of notice required shall be 3 months and shall be submitted to the Competent Authority as prescribed in these Regulations.	Regulation-20(2).—An officer shall not leave or discontinue his service in the Bank without first giving a notice in writing of his intention to leave or discontinue his service or resign. The period of notice required shall be 3 months and shall be submitted to the Competent Authority as prescribed in these regulation.
Provided that the competent authority may reduce the period of 3 months, or remit the requirement of notice.	Provided further that the competent authority may reduce the period of 3 months, or remit the requirement of notice.
Regulation-20(3)(a).—Notwithstanding anything to the contrary contained in the sub-Regulation (2) an officer against whom disciplinary proceedings are pending shall not leave/discontinue or resign from his service in the Bank without the prior approval in writing of the Competent Authority and any notice of resignation given by such an officer before or during the disciplinary proceedings shall not take effect unless it is accepted by the Competent Authority.	Regulation-20(3)(i).—An officer against whom disciplinary proceedings are pending shall not leave/discontinue or resign from his service in the bank without the prior approval in writing of competent authority and any notice or resignation given by such an officer before or during the disciplinary proceedings shall not take effect unless it is accepted by the Competent Authority.
(b) Disciplinary proceedings shall be deemed to be pending against any employee for the purpose of this regulation if he has been placed under suspension or any notice has been issued to him to show cause why disciplinary proceedings should not be instituted against him or where any chargesheet has been issued against him and will be deemed to be pending until final orders are passed by the Competent Authority.	(ii) Disciplinary proceedings shall be deemed to be pending against any employee for the purpose of this regulation if he has been placed under suspension or any notice has been issued to him to show cause why disciplinary proceedings shall not be instituted against him and will be deemed to be pending until final orders are passed by the Competent Authority.
(c) An officer under suspension on a charge of misconduct shall not be retired or permitted to retire on his reaching the date of compulsory retirement, but shall be retained in service until the enquiry into the charge is concluded and a final order is passed thereon.	(iii) The officer against whom disciplinary proceedings have been initiated will cease to be in service on the date of superannuation but the disciplinary proceedings will continue as if he was in service until the proceedings are concluded and final order is passed in respect thereof. The concerned officer will not receive any pay and/or allowance after the date of superannuation. He will also not be entitled for the payment of retirement benefits till the proceedings are completed and final order is passed thereon except his own contributions to CPF.

Annexure-II

Guidelines issued by Government in terms of regulation 20(1)(e) of the Officers Service Regulations 1979/1982 vide Ministry of Finance (Banking Division) Letter No. F. 4/10/ 1/89-IR dated 10th April, 1992

The option to terminate the services of an officer shall be exercised only where —

(i) Decisions taken by the Officer employee in his capacity as an officer employee has put the bank to monetary loss though no misconduct as such can be proved against him.

(ii) The Officer employee for any reasons, has not been attending to his duties in the bank continuously for a period of 90 days after exhausting all leave due to him or after his request far leave of extension of leave has been refused in writing.

(iii) The officer employee employed on the basis of a particular expertise or skill or qualification, ceases to possess such an expertise or skill or qualification, for any reason whatsoever.

(iv) The officer employee, for three consecutive years in annual appraisal of his performance, has received ratings of less than average and despite the appraisal reports of the first two years having been communicated to him there has been no improvement or insufficient improvement in his performance.

(v) Situation is such that due to violence, insurgency or general indiscipline, insubordination, holding an enquiry against the officer employee is not possible.

(vi) The evidence to be relied upon to prove the misconduct gets destroyed or the principal witness(es) becomes unavailable for reasons beyond management's control.

(vii) There is such other cause as would reasonably lead the Bank to believe that retention of the officer employee would prejudice the Bank's interest.

The 23rd March 1993

No. AX-1/ST/OSR. 3847/93.—In exercise of the powers conferred by Section 19 of the Banking Companies (Acquisition and Transfer of Undertaking) Act, 1970 (5 of 1970),

the Board of Directors of BANK OF MAHARASHTRA in consultation with the Reserve Bank of India and with the previous sanction of the Central Government hereby makes the following regulations further to amend the Bank of Maharashtra Officer Employees' (Conduct) Regulations, 1976.

2. Short title and commencement : (i) These Regulations may be called the Bank of Maharashtra Officer Employees' (Conduct) (Amendment) Regulations, 1993.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

3. The details of the Amendments are given in Annexure I.

ANNEXURE I

In the Bank of Maharashtra Officer Employees' (Conduct) Regulations 1976;

(a) In the proviso to sub-regulation (2) of regulation 5, after the words "shall be reported to the competent authority" the words "within three months from the date of the receipt of offer of employment" shall be inserted;

(b) in regulation 14, in sub-regulation (1), in the Explanation, Note (2) shall be omitted;

(c) for the sub-regulation (2) of regulation 20. the following shall be substituted, namely :—

"(2) Every officer employee shall every year submit a return of his movable, immovable and valuable property including liquid assets like share, debentures as on 31st March of that year to the Bank before the 30th day of June of that year."

P. A. CHITALE
Dy. Gen. Manager,
Personnel

Footnote : (Nos. and dates of notifications of earlier amendments and date of their publication in the Gazette of India to be mentioned seriatem as footnote.

THE INSTITUTE OF CHARTERED ACCOUNTANTS OF INDIA

Calcutta-700 071, the 23rd February 1993

(CHARTERED ACCOUNTANTS)

No. 3ECA/4/4/92-93—In pursuance of Regulation 18 of the Chartered Accountants Regulations, 1988 it is hereby notified that in exercise of the powers conferred by Section 20(i)(c) of the Chartered Accountants Act, 1949, the Council of the Institute of Chartered Accountants of India has removed from the Register of Members of this Institute on account of non-payment of the prescribed fees, the names of the following members with effect from the dates mentioned against their names :

Sl. No.	M. No.	Name & Address	Date of Removal
1	2	3	4
1.	7875	Shri Das Ramratan, 10, Pymers Mead, Croxted Road, West Dulwict, London SE21, 8 NQ, U. K.	1-10-92
2.	8019	Shri Kamlani Abdul Karim, P. O. Box-88, Sharjah, U.A.E.	1-10-92
3.	8193	Shri Basu Ananta Kumar, 67, Buckingham Palace Road, SWIW, OQU, London.	1-10-92
4.	6711	Shri Ahmed Kaisar, Murjani International Ltd., 95, Mayhill Street, Saddle Brook, N. J. 07662-6501.	1-10-92
5.	14839	Shri Ray Tapan Kumar, Admn. Officer, United India Insurance Co. Ltd., Regional Office, 38B, Chowringhee Road, Calcutta-700 071.	1-10-92
6.	52438	Shri Singh Ravindra Pratap, C/o. M/s. Lodha & Co., 14, Government Place East, Calcutta-700 001.	1-10-92
7.	55529	Shri Bhattacharya Pradipta, C/o. M/s. Price Waterhouse & Co., B-3/1. Gillander House, Netaji Subhas Road, Calcutta-700 001.	1-10-92
8.	55741	Shri Sinha Debasish, C/o. M/s. Price Waterhouse & Co., B-3/1, Glander House, Netaji Subhas Road, Calcutta-700 001.	1-10-92

A. K. MAJUMDAR, Secretay

EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION

New Delhi, the 2nd March 1993

No. N-15/13/14/8/88-P&D.—In pursuance of powers conferred by Section 46(2) of the Employees' State Insurance Act, 1948 (34)of 1948), read with Regulation 95-A of the Emplyoees' State Insurance (General) Regulations, 1950 the Director General has fiexd the 1-2-93 as the date from which the medical benefits as laid down in the said Regulation 95-A and the Tamil Nadu Eployees' State Insurance (Medical Benefit) Rules, 1954 shall be extended to the families of insured persons in the following area in the State of Tamil Nadu namely :—

"Area comprising the revenue village of Pavali and Chatra-reddiapatti in Virudhunagar taluk of Kamarajar District".

S. GHOSH,
Jt. Insurance Commissioner.

MINISTRY OF LABOUR

OFFICE OF THE CENTRAL PROVIDENT FUND COMMISSIONER

New Delhi-110 001, the 15th March 1993

No. 2/1959/DLI/Exemp/89/Pt.I/747.—WHEREAS, M/s Indotex Manufacturers Plot-332, GIDC Nr. New Water tank, Odhav, Ahmedabad-382415 (GJ/16663), have applied for exemption under sub-section 2(A) of Section 17 of the Employees' Provident Funds & Miscellaneous Provisions Act, 1952 (19 of 1952) (hereinafter referred to as the said Act) :

And, whereas, I B. N. Som, Central Provident Fund Commissioner is satisfied that the employees of the said establishment is, without makig any separate contribution or payment of premium, in enjoyment of benefits under the Group Insurance Scheme of the Life Insurance Corporation of India in the nature of Life Insurance which are more favourable to such employees that the benefits admissible under the Employees' Deposit Linked Insurance Scheme, 1976 (hereinafter referred to as the said Scheme) :

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by sub-section (2A) of Section 17 of the said Act and subject to the conditions specified in Schedule. I annexed hereto, I. B. N. Som, hereby exempt the above said establishment with retrospective effect from which date relaxation order under para 28(7) of th said Scheme has been granted by the Regional Provident Fund Commissioner Gujarat from the operation of the said Scheme for and upto a period of 3 Years from 1-3-1990 to 28-2-1993.

SCHEDULE-II

1. The employer in relation to each of the said establishments (hereinafter referred to as the employer) shall submit such returns to the Regional Provident Fund Commissioner concerned and maintain such accounts and provide such facilities for inspection, as the Central Provident Fund Commissioner may direct from time to time.

2. The employer shall pay such inspection charges as the Central Government may, from time to time, direct under clause (a) of sub-section (3A) of Section 17 of the said Act, within 15 days from the close of every month.

3. All expenses involved in the administration of the Group Insurance Scheme, including maintenance of accounts, submission of returns, payment of insurance premia, transfer of accounts, payment of inspection charges etc. shall be borne by the employer.

4. The employer shall display on the Notice Board of the establishment, a copy of the rules of the Group Insurance Scheme as approved by the Central Government/ Central Provident Fund Commissioner as and when amended, alongwith translation of the salient features thereof in the language of the majority of the employees.

5. Whereas an employee, who is already a member of the Employees' Provident Fund or the Provident Fund of an establishment exempted under the said Act, is employed in his establishment the employer shall immediately admit him as a member of the Group Insurance Scheme and pay necessary premium in respect of him to the Life Insurance Corporation of India.

6. The employer shall arrange to enhance the benefits available to the employees under the Group Insurance Scheme appropriately if the benefits available to the employees under the said Scheme are enhanced so that the benefits available under the Group Insurance Scheme are more favourable to the employees than the benefits admissible under the said Scheme.

7. Notwithstanding anything contained in the Group Insurance Scheme, if on the death of an employee the amounts payable under the scheme be less than the amount that would be payable had the employee been covered under the said Scheme, the employer shall pay the difference to the nominee(s)/legal heir(s) of the employee as compensation.

8. No amendment of the provisions of the Group Insurance Scheme shall be made without the prior approval of the Regional Provident Fund Commissioner concerned and where any amendment is likely to affect adversely the interest of the employees his approval, give a reasonable opportunity to the employees to explain their point of view.

